अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

16 MAY 2024

USEFUL FOR

**IAS | PCS**

& other civil services exams



Sunil Lawania
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. रामचरित मानस और पंचतंत्र को UNESCO की मान्यता मिली**




- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (UNESCO) ने रामचरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को वैश्विक मान्यता दी है।
- इन साहित्यिक रचनाओं को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर (MOWCAP) में शामिल किया गया है।
- द मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड (MOW) इंटरनेशनल एडवाइजरी और एग्जीक्यूटिव बोर्ड की तरफ से रिकमेंड किए गए दस्तावेजों को वैश्विक महत्व और यूनिवर्सल वैल्यू के आधार पर इस लिस्ट में शामिल करता है।
- 38 देशों ने दी इन रचनाओं को मान्यता
- इन रचनाओं को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (IGNCA) की तरफ से रीजनल रजिस्टर के लिए नामांकित किया गया था।

**2. शबाना आजमी को 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित किया गया**



- प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री शबाना आज़मी को उनके सिनेमा जगत और वकालत के क्षेत्र में योगदान के लिए 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित किया गया।
- 5 राष्ट्रीय पुरस्कार और 6 फिल्मफेयर पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित आजमी को यूनाइटेड किंगडम-एशियाई फिल्म महोत्सव के दौरान सम्मानित किया गया था।
- शहर की स्वतंत्रता 13वीं शताब्दी से लंदन या सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देती है।

**3. अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग को भारत की सबसे ऊंची सुरंग के रूप में मान्यता**



- BRO इंडिया द्वारा निर्मित सेला सुरंग को इंटरनेशनल बुक ऑफ ऑनर, इंग्लैंड द्वारा आधिकारिक तौर पर देश की सबसे ऊंची सुरंग के रूप में मान्यता दी गई है।
- 2.598 किलोमीटर लंबी सुरंग तेजपुर-तवांग रोड पर 13000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश में विश्व की सबसे लंबी ट्विन-लेन सुरंग सेला सुरंग का उद्घाटन किया।

**4. जारी की गयी 2024 विश्व वन्यजीव अपराध रिपोर्ट के अनुसार गैंडा पर सबसे ज्यादा अपराधिक मामले देखे गए**



- वन्य जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन में सूचीबद्ध वन्यजीव प्रजातियों के अवैध व्यापार के रुझानों पर केंद्रित है।
- इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि देवदार सबसे अधिक प्रभावित पौधों की प्रजाति है।
- यह रिपोर्ट का तीसरा संस्करण (2024) है और इससे पहले के संस्करण 2016 और 2020 में प्रकाशित हुए थे।
- यह संरक्षित वन्यजीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के रुझानों की जांच करता है।

**5. भारतीय वायु सेना ने एयरड्रॉप- स्वदेशी मोबाइल हॉस्पिटल 'भीष्म' क्यूब का परीक्षण किया**



- भारतीय वायु सेना ने आगरा में एयरड्रॉप के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल हॉस्पिटल 'भीष्म' क्यूब (BHISHM Cube) का परीक्षण किया है.
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, यह नवीन तकनीक कहीं भी आपात स्थिति के दौरान त्वरित और व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है.
- इसे 200 घायलों के इलाज के लिए तैयार किया गया है.

**6. नासा ने डेविड साल्वाग्निनी को अपने पहले चीफ एआई ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया**



- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने डेविड साल्वाग्निनी (David Salvagnini) को अपने पहले चीफ एआई ऑफिसर (Chief AI Officer) के रूप में नियुक्त किया है.
- इससे पहले डेविड साल्वाजिनिनी नासा के मुख्य डेटा अधिकारी थे.
- **राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (NASA)**
- राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (NASA) संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय सरकार की कार्यकारी शाखा की एक स्वतंत्र एजेंसी है जो नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम के साथ-साथ वैमानिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के लिये उत्तरदायी है।
- राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष अधिनियम, 1958 के तहत स्थापित।
- मुख्यालय : वॉशिंगटन, डीसी, अमेरिका।

**7. नजमुल हुसैन शान्तो को बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम का कप्तान बनाया**



- टी20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश की क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गयी है.
- बांग्लादेश को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, नीदरलैंड और नेपाल के साथ रखा गया है.
- बांग्लादेश की टीम की कमान नजमुल हुसैन शान्तो (Najmul Hossain Shanto) को दी गयी है.
- बांग्लादेश अपना पहला मुकाबला 7 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा.

**8. दिलीप संघानी को इफको के अध्यक्ष के रूप में चुना**




- पूर्व सांसद, दिलीप संघानी (Dileep Sanghani) को लगातार दूसरी बार भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (इफको) का अध्यक्ष चुन लिया गया है.
- वहीं बलवीर सिंह को लगातार दूसरी बार दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको का उपाध्यक्ष चुना गया.
- संघानी गुजरात में मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे.
- इफको की स्थापना साल 1967 में की गयी थी, इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है.

**9. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 'ड्रोन दीदी' पायलट प्रोजेक्ट के लिए एमएसडीई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**



- ग्रामीण महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने नोएडा और हैदराबाद में ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परियोजनाओं के संचालन के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- महिलाओं को कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षित करने की पायलट परियोजनाएं नोएडा और हैदराबाद में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएंगी।
- कंपनी 500 ग्रामीण महिला किसानों को फसलों में खाद डालने, फसल की वृद्धि की निगरानी करने और बीज बोने जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षित करेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ड्रोन उड़ान, डेटा विश्लेषण और ड्रोन रखरखाव जैसे कौशल में प्रशिक्षण भी देगी।
- **ड्रोन दीदी कार्यक्रम के बारे में**
- पीएम नरेंद्र मोदी ने 11 मार्च 2024 को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम के तहत नमो ड्रोन दीदी योजना का शुभारंभ किया।
- ड्रोन दीदी योजना के तहत, सरकार का लक्ष्य 15000 महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को फसल निगरानी, उर्वरक छिड़काव और बीज बोने जैसे कार्यों में सहायता के लिए कृषि ड्रोन से प्रशिक्षित और लैस करना है।

**10. पंजाब नेशनल बैंक ने 1 जून 2024 को ग्राहकों के निष्क्रिय इसी खाते बंद कर देने की घोषणा की**

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने कहा है कि यदि ग्राहक 31 मई, 2024 तक केवाईसी की प्रक्रिया (नो योर कस्टमर) पूरी नहीं कर लेते हैं तो पिछले तीन वर्षों से बिना किसी गतिविधि और बिना बैलेंस वाले खातों को बंद कर दिया जाएगा।
- **पंजाब नेशनल बैंक –**
- स्थापना - 12 अप्रैल 1894
- संस्थापक – दयाल सिंह मजीठिया और लाला लाजपत राय
- मुख्यालय – नई दिल्ली
- एमडी और सीईओ - अतुल कुमार गोयल
- टैगलाइन – वह नाम जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (UNESCO) ने किस-किस को वैश्विक मान्यता दी है?**
(a) रामचरित मानस
(b) पंचतंत्र
(c) सहृदयलोक-लोकन
(d) ये सभी

**2. शबाना आजमी को 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित किया गयाहै, ये किस क्षेत्र से सम्बंधित है?**
(a) कला
(b) राजनीति
(c) अभिनभ
(d) नृत्य

**3. हाल ही में किस राज्य में सेला सुरंग को भारत की सबसे ऊंची सुरंग के रूप में मान्यता?**
(a) उत्तराखंड
(b) अरुणाचल प्रदेश
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) केरल

**4. हाल ही में जारी की गयी 2024 विश्व वन्यजीव अपराध रिपोर्ट के अनुसार किस जानवर सबसे ज्यादा अपराधिक मामले देखे गए?**
(a) गैंडा
(b) चीता
(c) बाघ
(d) हाथी

**5. भारतीय वायु सेना ने कहां पर एयरड्रॉप- स्वदेशी मोबाइल हॉस्पिटल 'भीष्म' क्यूब का परीक्षण किया?**
(a) नई दिल्ली
(b) आगरा
(c) जयपुर
(d) पटना

**6. किसने अपने अपने पहले चीफ एआई ऑफिसर के रूप में डेविड साल्वाजिनिनी को नियुक्त किया है?**
(a) टेस्ला
(b) यूएन
(c) नासा
(d) गूगल

**7. बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए किसे टीम का कप्तान बनाया है?**
(a) लिटन दास
(b) नजमुल हुसैन शान्तो
(c) सौम्या सरकार
(d) शाकिब अल हसन

**8. हाल ही में किसे इफको के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है?**
(a) जय शाह
(b) अभय कुमार सिन्हा
(c) बलवीर सिंह
(d) दिलीप संघानी

**9. केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने किस कंपनी के साथ नमो ड्रोन दीदी परियोजना के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है?**
(a) हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड
(b) महिंद्रा एंड महिंद्रा
(c) सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन
(d) मर्सिडीज बेंज

**10. निम्न में से किस बैंक ने 1 जून 2024 को ग्राहकों के निष्क्रिय इसी खाते बंद कर देने की घोषणा की है?**
(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) बैंक ऑफ़ बडौदा
(c) ICICI Bank
(d) पंजाब नेशनल बैंक

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (b) | (a) | (b) | (c) | (b) | (d) | (b) | (d) |